# सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान की कहानी बड़े पर्दे पर

सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान की कहानी अब बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' की घोषणा की है। यह फिल्म उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन और इसमें अहम भूमिका निभाने वाले अंतरराष्ट्रीय टनल विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स की कहानी पर आधारित होगी। फिल्म का निर्देशन 'बजरंगी भाईजान' और '83' जैसी फिल्मों के निर्देशक कबीर खान करेंगे। इसकी कहानी ऑस्ट्रेलियाई लेखक एंड्रयू अनास्तासियोस ने लिखी है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक खास सिनेमाई सहयोग होगा। आमिर खान ने कहा कि सिलक्यारा बचाव अभियान की कहानी साहस, उम्मीद और इंसानियत की मिसाल है। वहीं, कबीर खान का कहना है कि यह सिर्फ एक रेस्क्यू ऑपरेशन की कहानी नहीं, बल्कि उन परिवारों की भावनाओं और उन लोगों की कहानी है, जिन्होंने 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दिन-रात मेहनत की। अर्नोल्ड डिक्स ने भी खुशी जताते हुए कहा कि यह अभियान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि कई लोगों के सामूहिक प्रयास का परिणाम था।

